भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.1550
20 सितम्बर, 2020 को उत्तरार्थ

विषय: डायनामिक सीड रोलिंग योजना

1550. श्री बी॰ बी॰ पाटीलः

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) डायनामिक सीड रोलिंग योजना के उद्देश्य क्या है और इससे किसानों की आय दोगुनी करने में किस तरह मदद मिलेगी;

(ख) क्या किसान, विशेषकर देश के पिछड़े क्षेत्रों से संबंधित को अच्छी गुणवत्ता वाले बीजों की उपलब्धता नहीं है;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या उक्त समस्या के कारण उत्पादन में ठहराव आया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेंद्र सिंह तोमर)

(क): डायनामिक बीज रोलिंग स्कीम/बीज रोलिंग योजना का मुख्य उद्देश्य तीन वर्षों में विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में प्रमाणित/उत्कृष्ट बीजों की आवश्यकताओं का अग्रिम रूप से आकलन करना है। इस प्रणाली के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाता है कि हाल ही में जारी किए गए उच्च उपज, अल्प/मध्यम अवधि, दबाव-सह्य और जैव-दृढ़ किस्मों के बीज, जिसमें उपज बढ़ाने और सामान्य फसलों की इनपुट लागत कम करने की क्षमता हो, किसानों तक पहुंचे।

इन बीजों के उपयोग से किसान बेहतर उपज प्राप्त कर रहे हैं और इनपुट लागत घटती है, जिससे उनकी आय दोगुनी करने में सहायता मिलती है।

(ख): पिछड़े क्षेत्रों सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की मांग की पूर्ति के लिए देश में प्रजनक, आधारी, प्रमाणित तथा गुणवत्ताप्रद बीजों की पर्याप्त मात्रा है।

(ग) एवं (घ): प्रश्न नहीं उठता है।

****